St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –19)** **Date: 12.11.2020**
Topic: बोल का मोल **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 व्यापारी छोटे बेटे को सारा सामान देने को क्यों तैयार हो गया ?

उ- छोटे बेटे ने व्यापारी को प्रिय मित्र कहा | व्यापारी ने सोचा कि मित्र पर तो लोग सब कुछ न्योछावर कर देते है | उसका यह मित्र इस समय मुसीबत में है | उसे अपने मित्र की मदद करनी चाहिए | इसीलिए वह छोटे बेटे को सारा सामान देने को तैयार हो गया |

2 छोटे बेटे के साथ व्यापारी को देखकर पिता ने दोनों बेटों से क्या कहा ?

उ- छोटा बेटा व्यापारी के साथ बैलगाड़ी में ही बैठ गया | वे लोग वहां पहुँचे , जहाँ उसके पिता और दोनों भाई बैठे थे | छोटे बेटे को व्यापारी के साथ देखकर उसके पिता बहुत प्रसन्न हुए | उन्होंने अपने दोनों बेटों से कहा कि जिसने जैसा आचरण किया , उसे वैसा ही मान मिला | अब तो वे दोनों बोल का मोल समझ गए होंगे |

3 ऐसी बानी बोलिये , मन का आपा खोय | औरन को सीतल करें, आपहु सीतल होये || इसका अर्थ स्पष्ट करो |

उ- इस दोहे में मीठी बोली के महत्व को बताया गया है | कवि कहते है कि हमें सबसे मधुर वाणी में बोलना चाहिए | जिसे सुनकर सामने वालों का मन वश में न रहे | मीठी बोली दूसरे के मन को ठंडा करती है | दूसरे को खुश देखकर अपना मन भी शीतल हो जाता है |

4 इस कहानी के आधार पर बताओ कि इससे क्या शिक्षा मिलती है ?

उ-इस कहानी का मूल भाव मधुर वाणी का महत्व है | इसमें बताया गया है कि मीठी बोली किस तरह हमारी सहायक हो सकती है | बड़े बेटे ने व्यापारी से कठोर वाणी में बात की तो उसे एक सूखा पकवान मिला | मँझले बेटे को एक दोना भर मिठाई मिली | सबसे छोटे बेटे को गाडी में लदा सारा सामान मिला क्योंकि उसने व्यापारी से मीठी बोली में बात की थी |

Poonam Mehra